महासमुंद सड़क पर मवेशियों का ऐसा नजारा पहली बार नहीं है, बल्कि महासमुंद की यातायात का यह रोज का हिस्सा बन चुका है। यातायात विभाग अपने दायित्व के प्रति कितना सजग है, वह इस तस्वीर से ही दिख रहा है।

चार किलो गांजा के साथ एक पकड़ाया

धमतरी, 29 जुलाई। बस स्टैंड में संदिग्ध हालत में बैठे व्यक्ति की तलाशी लेने पर, उसके बैगें से 4 किलो गांजा बरामद हुआ। जिसकी कीमत 20 हजार रुपए बताई गयी है। पुलिस ने उस पर अपराध दर्ज कर लिया है।

सिटी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गश्त पर निकले दल को नया बस स्टैण्ड में एक व्यक्ति को संदिग्ध हालत में बैठे देखा। संदेह के आधार पर उससे पूछताछ कर उसके काले रंग के बैग की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान बैग से लगभग 4 किलो गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 20 हजार रुपए आंकी गई है। पुलिस ने बताया कि वह गांजा दंतेवाड़ा से ला रहा था और बस से उतरने के बाद ग्राहक की तलाश कर रहा था।

मध्यान्ह भोजन में भात-चटनी

छात्रों ने निकाली थाली लेकर रैली

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 29 जुलाई। एक छोटे से गांव पोटियाडीह के पाठशाला में छात्र-छात्राओं को मध्यान्ह भोजन में मात्र भात और चटनी परोसे जाने से नाराज छात्र-छात्राओं ने भोजन की थाली लेकर पुरे गांव की गलियों में रैली निकाल कर सब को आश्चर्यचकित कर दिया है।

इस वर्ष की शिक्षा सत्र शुरु होते ही मध्यान्ह भोजन के गडबडी के आरोप तीन-तीन प्रधान पाठकों को निलंबित किया जा चुका है। और दर्जनों के विरुद्ध शिकायते की जा चुकी है। जिसे सुविधानुसार राजनीतिक रंग देने का प्रयास भी किया जा रहा है। परंतु राजनीतिक शिकवा शिकायत से हट कर अचानक ही पोटियाडीह केछात्रों ने रैली निकाल कर जागरुकता का परिचय तो दिया ही बल्कि सबकों आश्चर्यचकित भी कर दिया। छात्रों को कल जैसे ही मध्यान्ह भोजन के नाम पर थाली में केवल भात और चटनी परोसा गया तो इसका विरोध छात्रों ने करते हुए मीनू का पालन करने कहा। और जब मीनू का पालन नही हुआ तो भुवनेश्वर, नरेश, योगेश, गोंविंद, पोषण, सनत, डिगेश्वर, खेमलाल आदि छात्रों के नेतृत्व में सैंकड़ों छात्रों ने भोजन थाली लेकर गांव की गलियों में प्रदर्शन किया। छात्रों के प्रदर्शन को उचित मानते हुए सरपंच लीना ध्रुव,उपसरपंच दिलीप सहित प्रबुद्ध ग्रामीणों ने भी जायज ठहराते हुए मध्यान्ह भोजन में गुणवत्ता और मीनू के पालन नही होने का आरोप लगाया।

संविधान के विरूद्व कार्य पर रोक लगे : दुबे

दुर्ग, 29 जुलाई। जागरूक नागरिक मंच के संयोजक एवं अधिवक्ता ज्ञानेश दुबे ने छत्तीसगढ़ सरकार पर पद व अधिकार का दुरूपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार गरीबों, किसानों, आदिवासियों के ऊपर नेता, माफिया व अधिकारियों का नापाक गठबंधन बना कर दमन अत्याचार व शोषण कर रहे है।श्री दुबे ने कहा कि प्रभुता संपन्न लोग अपने सभी प्रकार के कला बाजियों के साथ दूसरे वर्ग के लोगों को प्रताड़ित कर लूट रहे है। उन्होंने बताया कि शराब बिक्री के मामले में इस अवैध कारोबार को बंद करने के बजाए ग्राम अंडा दुर्ग के ग्रामीणों पर रैली निकालकर ज्ञापन देने के मामले में जुर्म दर्ज किया गया।

कम समय में ही धर्म की भावना जागृत होती है : रोमेश

राजनांदगांव, 29 जुलाई। जब व्यक्ति के पास बहुत कम समय रहता है तब उससे धर्म की भावना जागृत होती है। मन और कान दोनों मिले हैं सुनने को। धर्म वाला मन ही परमात्मा की वाणी सुन सकता है। हम मन में भेद न होने दें और उसकी समीक्षा करें। उक्त उद्गार आचार्य रामेश ने अपने प्रवचन में व्यक्त किए।

आचार्य ने उद्याचल में अपने नियमित प्रवचन में कहा कि मोती में जब तक छेद नहीं किया गया तब तक वह मूल्यवान है। उसमें छेद हो गया तो उसकी कीमत कम हो जाती है और यदि उसके टूकडे-टूकडे हो गए तो उसकी कोई कीमत नहीं रह जाती। इसी तरह हमारा मन भी बेशकीमती है, इसमें भेद या छेद न होने दें। पुरूष यदि अनेक चित्त वाला हो गया तो उसके मन के टूकडे-टूकडे हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि पांच इन्द्रियों के विषय के विकारों से ही मन में भेदन होता है। मन फटने से हमारी वात्सल्यता मन फटने स हट जाती है। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां किसके सामने नहीं होती।

100 पंचायतों में बेहतर मकान देने पहल

राजीव गांधी सेवा केन्द्र 16 अगस्त से धमतरी में

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 29 जुलाई। राजीव गांधी सेवा केंद्र का शुभारंभ प्रदेश में 16 अगस्त से धमतरी जिले में किया जावेगा। जहां कम से कम खर्चों में जरुरतमंदों को अच्छे मकान देकर धमतरी जिले को एक माडल के रुप में तैयार किया जावेगा। प्रथम चरण में जिले के सौ पंचायतों को इस कार्य के लिए चयन किया गया है।

जिला पंचायत के नवनिर्मित सभाकक्ष में अपने पहली पत्रकारवार्ता में सीईओं एवं अपर कलेक्टर एलेक्स पाल मेनन व्ही ने बताया कि दो माह पूर्व जब वे यहां पदस्थ हुए तब जिले में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ था। प्रशासन ने नये बोर खनन पर प्रतिबंध लगा रखा था। तभी मैने सोचा कि जिले के लोगों के लिए सबसे पहले पानी के लिए ही कुछ किया जाए। पहली प्रयास में जिले में साढ़े 300 नये तालाबों का निर्माण और 11 स्टापडेम बनाये गये। इसके साथ ही 87 रेनवाटर हार्वेस्टिंग, 79 सुखे ट्युबवेलों को रिजार्च,15 सुखेडगवेलों को रिजार्च,908 सुखे सोकपिट ड्रिल सहित एवं 2937 सोकपिट ड्रिल रहित,287 नाला पडल एंव 672 डबरियों का निर्माण कराया गया।

दो वर्षों तक सहायक आयकर कमिश्नर की सेवा छोड़ कर आईएएस बने श्री मेनन इंजीनियर भी है। वे 2006 बेच के अधिकारी है। उनकी पहली नियुक्ति रायपुर में पायलट प्राजेक्ट एवं सीईओ सीटीबस के रुप में हुई। फिर उन्हें बिलाईगढ़ और डोंगरगढ़ का एसडीएम बनाया गया। बीजापुर सीईओं रहने के बाद अब श्री मेनन धमतरी सीईओं एवं अपर कलेक्टर के रुप में काम कर रहें है। श्री मेनन के काम करने के तौर तरीकों को नेता और कुछ कर्मचारी पचा नही पा रहे है। और लगातार आरोप प्रत्यारोप लगाते देखे जा रहे है।

पत्रकार वार्ता के दौरान भी कई पत्रकार,चर्चा छोड़ बाहर चले गये तो कुछ ने तीखे आरोप भी लगाने में कोई कसर नही छोड़ा। फिर भी श्री मेनन धैर्यतापूर्वक जवाब देते हुए पत्रकारों से आग्रह किया कि आप स्वतंत्र है,एक सीईओं के बारे में आप को लिखने और बोलने की आजादी है। किंतु मेरा निवेदन है कि मेनन के व्यक्तिगत दिनचर्याओं पर टिक टिप्पणी न करें। यह बात सही है कि मैं तमिल से आया हूं इसलिए मेरे बोलचाल में कुछ त्रुटि हो सकती है। फिर भी मैं अच्छ हिन्दी बोलने का प्रयास कर रहा हुं,जिसमें मुझे सहयोग के बजाए कुछ लोग मजाक उड़ाने, टांग खिंचने के प्रयास कर रहे है। मैं उन्हें भी धन्यवाद देता हुं। कुछ आरोप प्रत्यारोप के बीच श्री मेनन ने पत्रकार वार्ता जारी रखते हुए जिला पंचायत के विकास कार्यों की जानकारी दिया।

राजीव गांधी सेवा केंद्र केबारे में जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि पुरे छ ?ीसगढ़ में यह योजना लागू की जा रही है। परंतु 16 अगस्त से धमतरी को इस योजना के माडल के रुप में लाया जा रहा है। इसके लिए पंचायत मंत्री श्री नेताम ने अपनी सहमति दे दी है। और बाद में इस योजना को पूरे प्रदेश में भी लागु की जावेगी। श्री मेनन ने बताया की कम लागत से बनने वाली इको फ्रेंडली घर का निर्माण करना चाहते है। यह घर आम लोगों के लिए रहेगा। इसका कारण बताते हुए श्री मेनन ने कहा कि मकान बनाने के लिए ईट,सीमेंट और लोहे की ज्यादा जरुरत होती है किंतु आज मंहगाई इतनी बढ़ गयी है कि आम आदमी के लिए घर बनाना एक सपना बनकर रह गया है। उनके सपने को साकार करने के लिए ही सरकार ने एक योजना बनाई है जिसके तहत आम आदमियों के लिए 10 लाख रुपए के अंदर उन्हें अच्छा घर बना कर दें। हमने इस योजना में कार्य करते हुए मात्र 7.80 लाख रुपए में ऐसा कर दिखाया। घर निर्माण के समय हम जमीन का भी परिक्षण कर उसी के आधार पर भवन निर्माण कार्य पुरा करेंगें।

वृक्षारोपण महोत्सव में व्यक्तिगत रुचि लें अधिकारी : कलेक्टर

महासमुंद, 29 जुलाई। जिले में आगामी 31 जुलाई को किए जाने वाले गहन वृक्षारोपण महोत्सव के अवसर पर एक ही प्रजाति के पौधे एक पैच में लगाए जाएं। कलेक्टर निहारिका बारिक सिंह ने समय-सीमा की बैठक में आज यहाँ वृक्षारोपण महोत्सव की व्यापक तैयारी के समीक्षा के दौरान उक्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभारी अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण बुधवार तक हर हाल में कर लेने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने महोत्सव अवसर पर शिक्षा विभाग को निर्देशित किया है कि स्कूली बच्चों की रैली निकालकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाए। इससे पहले दो-दो हरिहर रथ भी वन विभाग द्वारा हर ब्लॉक में निकाला जाएगा। इससे ग्रामीणों में हरियाली के प्रति चेतना जागृत होगी और उनकी वृक्षारोपण में भागीदारी बढ़ने की संभावना ज्यादा रहेगी।

बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी विभाग ब्लॉक स्तर पर स्थित कार्यालयों के लिए आवश्यकतानुसार पौधे वन विभाग से मांग लें।

संक्षिप्त खबरें

कारगिल विजय दिवस पर मशाल यात्रा निकाली

सरायपाली, 29 जुलाई। कारगिल विजय दिवस के उपलब्ध में भारतीय जनता युवा मोर्चा रायपुर के तत्वावधान में शहीदों को याद किया गया। उक्त कार्यक्रम रायपुर के टाउन हॉल में संपन्न हुआ, जिसमें शहीदों को श्रद्धाजंली अर्पित की गई। कार्यक्रम में सरायपाली भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष स्वर्ण सिंह सलूजा ने अपने साथियों सहित कार्यक्रम में भाग लिया। समस्त उपस्थित जनों ने राष्ट्र के नाम शहीदों के प्रति 2 मिनट का मौन रखकर अपनी श्रद्धासुमन अर्पित की। तत्पश्चात मशाल यात्रा निकाली गई। भाजयुमों के प्रदेशाध्यक्ष अनुराग सिंहदेव के नेतत्व के टाउन हॉल से जयस्तंभ चौक रायपुर तक मशाल यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों युवाओं ने भाग लिया। उक्त कार्यक्रम में सरायपाली के स्वर्ण सिंह सलूजा गिरिजा शंकर महापात्र, सुधीर पाणिग्राही, जन्मजय पंडा, जितु शर्मा, चंद्रमणी, अमित आहूजाजेपी यादव, अंकित यदु, योगेश शर्मा, सुनील शर्मा, संजय माटू, अनिल प्रधान, लोकनाथ बारी, संजय दास, प्रदीप कर, मुरली नायक सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

शिवनाथ विकास प्राधिकरण की मांग

दुर्ग, 29 जुलाई। स्वयंसेवी कार्यकर्ता फिरोज खान ने जलसंसाधन मंत्री हेमचंद यादव को ज्ञापन सौंपकर शिवनाथ विकास प्राधिकरण गठन करने की मांग करते हुए कहा कि नवगठित छ.ग. राज्य में शासन के द्वारा प्रमुख नदी व सहायक नदियां शिवनाथ नदी, इंद्रावती, महानदी, अरपा नदी, जलाशय, तांदुला जलाशय एवं साथ ही प्रदेश में सहायक नदियों के द्वारा राज्य के विकास सिंचाई के साधन में सहायक है। साथ ही नदियों के विकास व नदी संरक्षण के क्षेत्र में शासन के द्वारा विभिन्न कार्ययोजना क्रियान्वित की जा रही है।

कार्यपालन अभियंता ने कार्यभार संभाला

दुर्ग, 29 जुलाई। भिलाई नगर निगम से स्थानांतरित कार्यपालन अभियंता पीके वर्मा ने कल नगर पालिका निगम दुर्ग में आकर कार्यभार संभाला। उन्होंने महापौर डा. शिव कुमार तमेर से मुलाकात कर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। लोक कर्म प्रभारी श्रीमती जोशी व अन्य एम.आई.सी. सदस्यों से भी मुलाकात कर आवश्यक जानकारी लिए। महापौर ने नगर निगम दुर्ग चल रहे विभिन्न योजनाओं से उन्हें अवगत कराया तथा यहां आने पर उन्हें बधाई दी। पी.के. वर्मा कार्यपालन अभियंता ने अपने कक्ष मे सभी सहा. अभियंताओं, आर.के. जैन, ए.के. दत्ता, आर.एस. आजमानी, उपअभियंताओं टी.के. देव, श्रीमती अंजू साहू व भिलाई से आये सभी सब इंजीनियरों से मुलाकात कर सभी का परिचय प्राप्त किया तथा निगम क्षेत्र में चल रहे विकास और निर्माण कार्यो की जानकारी ली।

कारगिल शहीदों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

भिलाई नगर, 29 जुलाई। जिला भाजपा द्वारा कारगिल दिवस सुपेला चौक पर विजय दिवस के रूप में मनाया गया। अध्यक्ष राम आसरे दुबे के नेतृत्व में शहीद हुये जवानों को याद करते हुये मोमबत्ती जला कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में ओपी वर्मा, दीपक मिश्रा, कुलवंत राय गुप्ता, अनिल मिश्रा, जया रेड्डी, भागचंद जैन, शंकरलाल देवांगन, संजय खन्ना, रामबाई वर्मा, संजय मिश्रा, नागेश दुबे, दिलीप शुक्ला, बसंत प्रधान, हेमनारायण सिंह, विजेन्द्र सिंह, रविन्द्र, कांति वर्मा, विनीत बाजपाई, हरीश वर्मा, पुष्पलता कर, प्रेम सिंह, अशोक तिवारी, संतोष सिंह, पवन अग्रवाल, दुर्गा सिंह सेंगर, रामानंद मौर्या, रामचंद बेहरा, कल्पना, मोहन सिंह राठौर, प्रेमसागर चतुर्वेदी उपस्थित थे।

सनातन संस्था में गुरू पूर्णिमा

भिलाई नगर, 29 जुलाई। सनातन संस्था के दुर्ग सेवा केन्द्र द्वारा गुरू पूर्णिमा महोत्सव में व्यास पूजन व भक्तराज महाराज की प्रतिमा पूजन किया गया। धर्माचरण के प्रत्यक्ष प्रदर्शन के दृश्य प्रोजेक्टर से दिखाए गए। धर्म पर आघातों के विषय में जागृति करने वाली प्रेरक नाटिका का भी मंचन हुआ। मुख्य अतिथि शशि भूषण मोहंती ने हिन्दू धर्म की होने वाली हानि हिन्दुओं द्वारा धर्माचरण के महत्व पर प्रकाश डाला।

महासमुंद। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नपाध्यक्ष डॉ. विमल चोपड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. रमनसिंह द्वारा उपचार के लिए दिए गए 40 हजार रुपए का चेक वार्ड क्रमांक 19 क्लबपारा निवासी कुंदन घोड़ीचोरे को भेंट किया। उल्लेखनीय है कि श्री कुंदन के बड़े भाई हेमंत घोड़ीचोरे हिमन रोग से ग्रसित है तथा वे आर्थिक तंगी से गुजर रहे है, इलाज में आर्थिक सहायता के लिए डॉ. चोपड़ा ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया था। इस पर उन्होंने 40 हजार रुपए की आर्थिक सहायता राशि जारी की। डॉ. चोपड़ा ने ईलाज में सहायता के लिए दी गई राशि पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। उक्त राशि सौंपते हुए भाजपा पार्षद देवीचंद रफी, वार्ड क्रमांक पार्षद महेंद्र जैन, राजर बाघमारे, लक्ष्माकांत यदु मोहन साहू उपस्थित थे।

सोंढूर लबालब, पांच सौ क्यूसेक छोड़ा जा रहा पानी

गंगरेल अभी आधा भी नहीं

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 29 जुलाई। कल हुए बरसात के बाद गंगरेल, दुधावा, माडमसिल्ली और सोंढुर में अच्छी आवक बनी हुई है। सबसे पहले सोंढुर को लबालब होने का सौभाग्य मिला। जहां से अभी पांच सौ पांच क्युसेक पानी बहाया जा रहा है।

विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री तिवारी ने बताया कि गंगरेल का जलस्तर 341.87 पहुंच चुका है। यहां पानी की आवक 3055 क्युसेक है। मुरुमसिल्ली में 464 क्युसेक होने से बांध में 1.623 टीएमसी पानी भर चुका है। जबकि दुधावा में 884 क्युसेक पानी की आवक होने केसाथ साथ 466.39 मीटर पानी का भराव हो चुका है। पिछले 24 घंटों में सोढुंर बांध के भराव क्षेत्र में अच्छी वर्षा के चलते जल का स्तर लगातार बढ़ते जा रहा है। नतीजतन बांध से 505 क्युसेक पानी छोड़ा जा रहा है,वहीं बांध में 364 क्युसेक पानी की आवक लगातार बनी हुई है। क्षेत्र के सबसे बड़े बांध गंगरेल में पानी का भराव अभी आधे से भी कम है। दुधावा एवं माडमसिल्ली के लबालब होने के बाद भी गंगरेल का पेट भर पाता है।

शराब पीकर हुड़दंग, महिलाओं को धमकी

रिपोर्ट के दूसरे दिन तक नहीं पहुंची पुलिस

छत्तीसगढ़ संवाददाता

मगरलोड, 29 जुलाई। नगरपंचायत में इन दिनों शराबियों की मनमानी मुख्य चौक में देखी जा सकती है। बीती रात साढ़े नौ बजे बस स्टैण्ड पर दरवाजे के पास रखी बैंच को शराबी ने पटककर तोड़ दिया लोगों के घरों के दरवाजे पर बोतल फेंकते रहे। आवाज सुनकर जब महिलाओं ने रोका तो उन्हें शराबी धमकी देने लगे। इस घटना की नामजद रिपोर्ट टी.एल. सिन्हा द्वारा लिखाई गई।

मौके की जांच पर पुलिस दूसरे दिन तक नहीं पंहुची। इस तरह पुलिस की त्वरित कार्यवाही न होने से लोगों में आक्रोश है। उसी बिती रात को ही व्यापारी कुलेश्वर साहू अजय आटो पार्ट्स, लोकेश साहू होटल व्यवसायी, ओंकार जनरल ज्ञानदेव साहू, राजू पान पैलेस, सिन्हा की दूकान की रात्रि में जलने वाली सभी लाईटें कोई निकालकर ले गये थे।

चौक में खुले आम देर रात्रि तक शराबियों के आंतक से व्यापारी, महिलायें, छात्राएं, सभ्य नागरिक डरे एवं सहमें हुए रहते हैं। इस पर नगरवासियों ने मुख्य चौक में पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। इस संबंध में टीआई प्रदीप सोरी से बात करने पर पुलिस बल की कमी बताई गई।

सत्यापन की समय-सीमा बढ़ाने पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ संवाददाता

राजनांदगांव, 29 जुलाई। बीपीएल राशन कार्ड सत्यापन की समय-सीमा बढ़ाने के लिए भाजपा पार्षदों ने कलेक्टर सिद्धार्थ कोमल सिंह परदेशी से इस मामले में हस्तक्षेप करने की मांग की है। कलेक्टर ने पार्षदों को गंभीरतापूर्वक उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया है।

पार्षदों ने भेंट के दौरान कलेक्टर को इसकी व्यवहारिक दिक्कतों की एक सूची भी सौंपी है। नेताप्रतिपक्ष शिव वर्मा के नेतृत्व में कलेक्टर को अवगत कराते पार्षदों ने बताया कि गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों के नाम भी नए सत्यापन में गायब हो रहा है। इस मामले में कुछ गलत फहमियां भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बन रही है। वार्ड नं. 28, 26, 33, 5, 6, 44, 43, 21, 25, 29 में आज पर्यन्त सत्यापन दल नहीं पहुंचा है। भाजपा पार्षदों ने बताया कि गरीबी सर्वे सूची में व्यक्तियों का नाम भी बीपीएल राशन का हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल रहा है। कई हितग्राही की राय में रहने के लिए दूसरे वार्ड में चले गए हैं जिस वजह से उन्हें भी इस लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। भाजपा पार्षदों ने दावा किया कि 2007-08 सर्वे सूची में सभी का नाम है। लेकिन उसका राशनकार्ड नहीं बना है जिस वजह से सत्यापन दल ऐसे गरीब व्यक्तियों को योजना से वंचित कर रहा है। कलेक्टर से पार्षदों ने मांग करते बताया कि जमीन संबंधी सही जानकारी नहीं मिलने के कारण भी बहुत से गरीब परिवार पात्र होने के बावजूद अपात्र हो गए हैं। जबकि परिवर्तित व अपरिवर्तित भूमि को लेकर सत्यापन दल प्रभारी इस मामले में कुछ सुनने को तैयार नहीं हो रहे हैं।

गौरतलब है कि नए सत्यापन के तहत अधिकांश पात्र हितग्राहियों की ओर से कर्मचारियों द्वारा भेदभाव बरते जाने का आरोप भी लगाया जा रहा है। शांति नगर वार्ड नं. 40 में संशय की स्थिति निर्मित होने की वजह से बीते सप्ताह अधेड़ व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली थी। इस वजह से भी अब लोगों के मन में नाम कटने का डर बैठ गया है। बहरहाल कलेक्टर ने राज्य सरकार से इसकी अवधि बढ़ाने के लिए यथासंभव मदद करने के लिए पार्षदों को आश्वस्त किया है।

राकांपा नौजवानों की पार्टी : शरद

छत्तीसगढ़ संवाददाता

महासमुंद, 29 जुलाई। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रवादी युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय कृषि मंत्री शरद पवार ने कहा कि आज राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी देश की आजादी के बाद तीसरी पीढ़ी हैं, जिसमें नौजवानों को आगे पूरा बागडौर सम्हालना पड़ेगा। इसका उदाहरण एपसीपी में मिलता है। जैसे सांसद सुप्रिया सुले, सांसद संजय दीना पाटिल, सांसद व केंद्रीय राज्य ग्रामीण मंत्री अगाथा सगमा, विधायक व पूर्व युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष मुम्बई जितेंद्र आवार्ड। श्री पवार ने कहा कि आज आजादी के 60 साल के बाद यह आभास हो रहा है कि जिन गांव व दूरदराज के राज्यों में विकास नहीं हो पाया व गरीब आदिवासियों का शोषण हुआ, वहीं नक्सलवाद का जन्म हुआ।

केंद्रीय कृषि मंत्री ने देश के किसानों के दर्द को समझते हुए बताया कि तीन वर्ष पूर्व गेहूं हमें बाहर से मांगना पड़ता था व आज स्थिति यह है कि हमारे किसान गेहूं निर्यात करने की स्थिति में है। देश में भंडारण सुविधा का अभाव बहुत बड़ी समस्या है। क्योंकि लाखों मेट्रीक टन धान खुले आसमान में पड़े हुए सड़ रहे हैं। इस ओर केंद्र शासन जल्द ही एक कार्य योजना बनाने जा रही है। वहीं उन्होंने राज्यों के खाद्यान्न जमाखोरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के संकेत दिए।

राष्ट्रीय सम्मेलन में सभी प्रदेश अध्यक्षों को अपनी बात रखने का समय दिया गया। छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन ने छत्तीसगढ़ की समस्याओं को उठाया व बताया कि नक्सली समस्या पर केंद्र व राज्य के बीच अलग-अलग विचार होने के कारण लाखों ग्रामीणों को घर-बार छोड़कर पलायन करना पड़ रहा है व केम्प में रहने वाले लोगों का जीवन स्तर पशुओं के समान है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष राजेश जैन को केंद्रीय मंत्री शरद पवार ने मोमेंटो प्रदान किया। वहीं केंद्रीय राज्य मंत्री अगाथा संगामा का सम्मान छत्तीसगढ़ की प्रदेश ईकाई ने किया। जिसमें भरत साहू, नवीन श्रीवास्तव, सोमनाथ दत्ता, शैलेष चौधरी, शरण जीत तैतरी, दीपक दुबे, राजेश पाण्डे, अरविंद जैन ने किया। नई दिल्ली के राष्ट्रीय सम्मेलन में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव झा कार्यकारी जग्गी ने आए हुए समस्त प्रदेश अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह प्रदान किया। प्रदेश अध्यक्षों ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष वेनु गोपाल राव आंध्रप्रदेश, पी पुष्परंजन के अंडमान निकोबार, जेम्स तेपीतारा अरूणाचल प्रदेश, नुरूल हुसैन असम, रोहित सिंह बिहार, राजेश जैन छत्तीसगढ़, राजकुमार अदाना दिल्ली, राजन एस घाटे गोवा, निकुल सिंह परम तोमर गुजरात, दिनेश जोशी हरियाणा, शिवदीयो सिंह जसोदिया जम्मु कश्मीर, मुकेश ठाकुर झारखंड, सुभाष पंच कुटी केरल, दीरज सेठी कनाग्टका, अब्दुल रज्जाक लक्ष्य दीप, उदय रविंद्र समंत महाराष्ट्र, मोरिगतम प्रफुल्लो सिंग मणिपुर, एट्रीयो लाल दुवाना मिजोरम, सांसद संजय दिना पाटिल मुम्बई, चेन्नीमाग नागालैंड, बद्रीनारायण मोहंती उड़ीसा, रामकृष्ण जे पांडीचेरी, गुरूप्रीत सिंग पंजाब, सिवाबरनी तमिलनाडू, अशोक सेन गुप्ता त्रिपुरा, धनंजय शर्मा उत्तर प्रदेश, विनोद अंचलिया पं. बंगाल ने भाग लिया। इसमें कुल 28 राज्यों ने हिस्सा लिया।